एआईएम-आईसीआरईएसटी (AIM-iCREST) कार्यक्रम

drishtiias.com/hindi/printpdf/atal-innovation-mission-launches-aim-icrest

प्रीलिम्स के लिये:

अटल नवाचार मिशन, एआईएम-आईसीआरईएसटी (AIM-iCREST) कार्यक्रम

मेन्स के लिये:

भारत में स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास हेतु सरकार द्वारा किये गए प्रयास

चर्चा में क्यों?

देश भर के इनक्यूबेटर पारिस्थितिकी तंत्र में समग्र प्रगति को प्रोत्साहित करने की प्रमुख पहल के तहत नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन (AIM) ने एक मज़बूत पारिस्थितिकी तंत्र हेतु एआईएम-आईसीआरईएसटी (AIM-iCREST) कार्यक्रम की शुरुआत की है।

प्रमुख बिंदु:

- यह कार्यक्रम मुख्य तौर पर उच्च प्रदर्शन वाले स्टार्टअप के सृजन पर केंद्रित है। गौरतलब है कि भारत में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिये यह अपनी तरह की पहली कोशिश है।
- इस कार्यक्रम के लिये अटल नवाचार मिशन (AIM) ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (Bill & Melinda Gates Foundation) और वाधवानी फाउंडेशन (Wadhwani Foundation) के साथ साझेदारी की है।
    - ये संगठन उद्यमिता एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्वसनीय मदद और विशेषज्ञता प्रदान कर सकते हैं।
    - इस साझेदारी के माध्यम से अटल नवाचार मिशन (AIM) के इनक्यूबेटर नेटवर्क हेतु वैश्विक विशेषज्ञता हासिल हो सकेगी।

एआईएम-आईसीआरईएसटी (AIM-iCREST) कार्यक्रम:

- एआईएम-आईसीआरईएसटी (AIM-iCREST) कार्यक्रम को देश के इनक्यूबेटर पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम बनाने और देश भर में अटल नवाचार मिशन (AIM) के तहत अटल और स्थापित इनक्यूबेटर केंद्रों (AIM's Atal and Established
- Incubators) के लिये विकास कारक के रूप में कार्य करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।

- इस कार्यक्रम के अंतर्गत इनक्यूबेटरों को अपग्रेड किया जाएगा और इनक्यूबेटर उद्यम आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये उन्हें अपेक्षित मदद प्रदान की गई है, जिससे उन्हें अपने प्रदर्शन को बढ़ाने में सहायता मिलेगी।
- मौजूदा महामारी संकट को देखते हुए यह कार्यक्रम ज्ञान सृजन और उसके प्रसार में स्टार्ट-अप उद्यमियों की मदद करने के साथ-साथ एक मज़बूत एवं सक्रिय नेटवर्क विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

महत्त्व:

- भारत को अपने देश की बेहतरीन नवाचार प्रतिभा का लाभ उठाने के लिये विश्व स्तर के स्टार्टअप को बढ़ावा देने वाले विश्व स्तरीय इनक्यूबेटरों की आवश्यकता है।
- यह कार्यक्रम देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

इनक्यूबेटर का अर्थ?

- सामन्यतः इनक्यूबेटर केंद्रों का अभिप्राय उन संस्थानों से होता है, जो किसी विशिष्ट व्यवसाय को विकसित करने में उद्यमियों की मदद करती हैं, खासतौर पर व्यवसाय शुरू के आरंभिक चरणों में। इस प्रकार का कार्य सामान्यतः उन संस्थानों द्वारा
- किया जाता है, जिनके पास व्यापार और प्रौद्योगिकी का व्यापक अनुभव होता है।
- इनक्यूबेटर्स द्वारा दी जानी वाली सहायता में आमतौर पर तकनीकी सुविधाएँ एवं सलाह, प्रारंभिक विकास निधि, नेटवर्क और लिंक, कार्यस्थल की सुविधा और प्रयोगशाला संबंधी सुविधाएँ, शामिल होती हैं।
- **अटल इनक्यूबेशन केंद्र**

  अटल इनोवेशन मिशन (AIM) का उद्देश्य अटल इनक्यूबेशन केंद्रों (Atal Incubation Centres-AICs) की स्थापना करना है, जो कि सतत् व्यावसायिक उद्यमों के निर्माण के लिये नवीन स्टार्ट-अप्स का पोषण करेंगे।
- **स्थापित इनक्यूबेशन केंद्र**
  - अटल इनक्यूबेशन केंद्र (AICs) की स्थापना के अलावा अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के तहत देश में पहले से स्थापित इनक्यूबेशन केंद्रों, जिन्हें स्थापित इनक्यूबेशन केंद्र (Established Incubation Centres) के रूप मे पहचाना गया है, को विश्व स्तरीय मानकों के आधार पर अपग्रेड करना है।
  - गौरतलब है कि हाल के वर्षों में उद्योग, निवेशकों, छोटे और बड़े उद्यमियों, सरकारी संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों ने देश भर में कई इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित किये हैं, जिन्हें ही स्थापित इनक्यूबेशन केंद्रों के रूप में पहचाना गया है।

स्रोत: पी.आई.बी